आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 27.09.2024

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांव को केंद्र सरकार ने सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया।
- विश्व पर्यटन दिवस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा – पर्यटन लोगों को आपस में जोड़ने और शांति स्थापित करने में योगदान देता है।
- राज्य सरकार भू कानून और मूल निवास के मुद्दे को लेकर संवदेनशील। मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार अगले बजट सत्र में एक वृहद भू कानून लाने के लिए प्रयासरत।
- प्रदेश में पिछले तीन सालों में 68 लाख से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकांउट– आभा आई. डी बनाई गई।

सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव

उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा विश्व पर्यटन दिवस समारोह के अवसर पर राज्य से चयनित गांवों के प्रधानों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार प्राप्त किया गया।

इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता में उत्तरकाशी जिले के जखोल गांव को साहसिक पर्यटन के लिए चुना गया, जो अपनी ऊंचाई, खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों और चुनौतीपूर्ण ट्रेकिंग रूट्स के लिए जाना जाता है। साहसिक गतिविधियों के शौकीनों के बीच यह गांव तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उत्तरकाशी जिले के ही हर्षिल गांव और पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव को वाइब्रेंट विलेज के रूप में सम्मानित किया गया। हर्षिल अपनी प्राकृतिक सुन्दरता, बर्फ से ढके पहाड़ों और सेब के बागानों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि गुंजी गांव, जो चीन और नेपाल सीमा के निकट स्थित है, अपनी सामरिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण विशेष स्थान रखता है। वहीं, बागेश्वर जिले के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए पुरस्कृत किया गया। सूपी गांव अपनी पारम्परिक कृषि पद्धतियों और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है।

कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के तहत यहां पर्यटकों को ग्रामीण जीवन और खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया जा सके।

विश्व पर्यटन दिवस

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि पर्यटन लोगों को आपस में जोड़ता है जो आज के समय की जरूरत है। नई दिल्ली में आज विश्व पर्यटन दिवस पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि पर्यटन शांति स्थापित करने में बहुत बड़ा योगदान करता है। उन्होंने कहा कि समूचा विश्व, शांति का इच्छुक है। उपराष्ट्रपति ने विश्व पर्यटन दिवस को वैश्विक आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सांस्कृतिक आदान–प्रदान पर पर्यटन के गहरे प्रभाव का उत्सव मनाने का अवसर बताया। पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यटन के माध्यम से विभिन्न संस्कृतियों और राष्ट्रों के बीच आपसी समझ के सेतु का निर्माण किया जा सकता है।

माउंटेन बाइक कार्यक्रम

विश्व पर्यटन दिवस पर टिहरी जिले के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने माउंटेन बाइक रन एवं हाईक एण्ड बाई ट्रेल वॉक को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में कई साहसिक, ऐतिहासिक, धार्मिक पर्यटक स्थल मौजूद है और पर्यटन की अपार सम्भावनाएं है। उन्होंने देश–विदेश के पर्यटकों से टिहरी गढ़वाल आकर विभिन्न पर्यटक स्थलों में कुछ समय बिताने की अपील की है।

शुभारम्भ

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छता ही सेवा के तहत कार गार्बेज इको फ्रेंडली बैग वितरण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आएगी। कार में गारबेज बैग रखकर कूड़ा एकत्र करने से लोगों में इसे कूडेदान में ही डालने की अच्छी आदत पड़ेगी।

स्वच्छता अभियान

उत्तरकाशी जिले में रामचंद्र उनियाल पीजी कॉलेज उत्तरकाशी की एनसीसी और रोवर रेंजर इकाई ने स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की एनसीसी प्लाटून ने पुनीत सागर अभियान के तहत जनजागरुकता अभियन चलाया और केदार घाट पार्किंग, जड़ भरत घाट और मणिकर्णिका घाट पर साफ सफाई की।

एक पेड मां के नाम

पौधरोपण के अभियान एक पेड मां के नाम के अन्तर्गत देशभर में अब तक 80 करोड से ज्यादा पौधे लगाये जा चुके हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 80 करोड पौधे लगाने के महत्वकांक्षी लक्ष्य को सफलता पूर्वक हासिल कर लिया है। मंत्रालय के अनुसार यह लक्ष्य निर्धारित समय सीमा से पांच दिन पहले 25 सितम्बर को पूरा कर लिया गया।

बैठक संपन्न

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केन्द्र की द्वितीय संचालक निकाय की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने राज्य आपदा शमन निधि के तहत राज्य कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित सभी प्रोजेक्ट, ग्रुप इंश्योरेन्स पॉलिसी, विभिन्न पदों पर भर्ती जैसे एजेन्डा बिन्दुओं पर स्वीकृति दी।

भू–कानून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार भू कानून और मूल निवास के मुद्दे को लेकर संवदेनशील है और अगले बजट सत्र में उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप एक वृहद भू कानून लाने के लिए प्रयासरत है। सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य में नगर निकाय क्षेत्र से बाहर ढाई सौ वर्ग मीटर भूमि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के खरीद सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एक ही परिवार में अलग–अलग नामों से भूमि खरीद कर रहे हैं जो कि नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सरकार नियमों का उल्लंघन करने वालों की जांच कराएगी और उनकी जमीन राज्य सरकार में निहित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जिन भी व्यक्तियों ने पर्यटन, उद्योग जैसे व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अनुमति लेकर भूमि ली है, और भूमि का उपयोग प्रयोजन के लिए नहीं किया जा रहा है, ऐसी जमीनों का भी विवरण तैयार किया जा रहा है।

आभा आई.डी

प्रदेश में पिछले तीन सालों में 68 लाख से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकांउट– आभा आई.डी बनाई गई हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कार्यक्रम की तीसरी वर्षगांठ पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से बीएस नेगी राजकीय इंटर कालेज गुजराड़ा में आयोजित जागरूकता अभियान में बीडीएम की

प्रबंधक प्रज्ञा पालीवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पांच हजार पांच सौ आठ चिकित्साकर्मियों और तीन हज़ार तीन सौ पन्द्रह चिकित्सा इकाई पंजीकृत हो चुकी हैं।

शुरूआत

देहरादून के गढी कैंट स्थित सैन्य अस्पताल में प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य विकासात्मक देरी और विशेष जरूरतों वाले बच्चों को समय पर चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। इस सुविधा से शीघ्र चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले परिवारों और बच्चों को विशेष देखभाल और सहायता मिल सकेगी। महानिदेशक, चिकित्सा सेवाएं, सेना लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने आज देहरादून के सैन्य अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के कामकाज की समीक्षा की और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों की उनके समर्पण और पेशेवर आचरण के लिए सराहना की।

विश्व मानक दिवस शृंखला

ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर में विश्व मानक दिवस श्रृंखला के तहत मानक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि आज देश अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतर रहा है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए उद्योंगों को अपने उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बनाने चाहिए। वही, सिडकुल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा ने कहा कि बिना मानकों के कोई भी उद्योग काम नहीं करता और मानक बनाने से पहले विस्तृत अध्ययन आवश्यक है।

परिसीमन

रुद्रप्रयाग जिले के तीनों विकास खंड़ों के क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के प्रादेशिक परिसीमन का अंतिम प्रकाशन जारी कर दिया गया है। परिसीमन में क्षेत्र पंचायत में एक सौ पन्द्रह, और जिला पंचायत में अट्ठारह निर्वाचन क्षेत्र सम्मिलित किये गये हैं। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि प्रकाशन, संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय सहित जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी कार्यालय रुद्रप्रयाग में देखा जा सकता है।

महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसेवक और अधिकारियों में तालमेल होना जरूरी है। रूद्रप्रयाग जिले के विकास खंड अगस्त्यमुनि के राजकीय इंटर कॉलेज बसुकेदार में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में श्रीमती आर्या ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए समय–समय पर सरकार जनता के द्वार और जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कृत संकल्पित है।